## बीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की दिनांक 25.05.2023 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की 34 वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 ओंकार सिंह, कुलपति, वी0मा0सिं0भ0, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 कुसुम अरूणाचलम, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, दून विश्वविद्यालय देहरादून | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 3. | डॉ0 एस0 नैथानी, ई0सी0ई0, निदेशक, आई0 टी0 गोपेश्वर | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 4. | प्रो0 एम0के0 पाण्डा, ई0ई0डी0, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5 | डॉ0 अनिरूद्ध गुप्ता, प्रोफेसर, एम0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वाराहाट, अल्मोड़ा | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6. | डॉ0 अजीत सिंह, प्रोफेसर, सी0एस0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वाराहाट, अल्मोड़ा | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 7. | डा0 वी0के0 पटेल, परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून | सदस्य |

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा0 कुलपति महोदय/अध्यक्ष, परीक्षा समिति द्वारा समिति के सभी सदस्यों एवं आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया गया जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

बिन्दु संख्या–34–01–

परीक्षा समिति की 33 वीं बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा समिति की दिनांक 23.03.2023 को सम्पन्न 33 वीं बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–34–02–

परीक्षा समिति की दिनांक 23.03.2023 को सम्पन्न 33 वीं बैठक में हुए निर्णयों के संबंध में कृत कार्यवाही की सूचना समिति के सूचनार्थ।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा समिति की 33 वीं बैठक दिनांक 23.03.2023 में हुए निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही से सहमति प्रदान की गयी। साथ ही परीक्षा संबंधी लम्बित भुगतान को 10 जून, 2023 तक पूर्ण करने एवं समस्त लम्बित प्रकरणों पर समयबद्ध कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई।

बिन्दु संख्या–34–03–

विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर 2022–23 एवं स्पेशल बैक पेपर के परीक्षाफल घोषित किये जाने की सूचना

विनिश्चय– बैठक में चर्चा के उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर 2022–23 एवं स्पेशल बैक पेपर के लॉ एवं एम0 फॉर्मा पाठ्यक्रमों की परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिये गये है तथा अन्य पाठ्यक्रमों यथा– B.ARCH, B.Pharm, B.TECH, BHMCT, M.Tech., MBA, MBA INTEGRATED & MCA के परीक्षाफल तैयार कर लिये गये है, उनका परीक्षाफल माह मई,2023 तक घोषित कर दिया जायेगा। परीक्षा समिति द्वारा की जा रही कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–34–04

विश्वविद्यालय में पूर्व में प्रचलित पुर्नमूल्यांकन (Revaluation Process) की व्यवस्था में समयावधि निर्धारित किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन

विनिश्चय– बैठक में चर्चा के उपरान्त उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान करते हुए निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय में प्रचलित पुर्नमूल्यांकन (Revaluation

Process) की व्यवस्था को परीक्षाफल घोषित किये जाने की तिथि के उपरान्त 15 दिन के अन्दर पुर्नमूल्यांकन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–34–05–

विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा केन्द्र के केन्द्र अधीक्षक, सहायक केन्द्र अधीक्षक, कक्ष निरीक्षक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी को परीक्षा डयूटी में पारिश्रमिक पूर्व कार्यालय ज्ञाप–1116/यू0टी0यू0/2017 दिनांक 17.05.2017 की भॉति दिये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन।

विनिश्चय–

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में सेमेस्टर परीक्षाओं के केन्द अधीक्षक, सहायक केन्द्र अधीक्षक,कक्ष निरीक्षकों एवं आकस्मिकता व्यय को पूर्व में निर्धारित में इंगित पारिश्रमिक दरों की भॉति दिये जाने पर सहमति प्रदान की गयी है जिनका विवरण निम्नवत है:–

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्र अधीक्षक | सम्पूर्ण परीक्षा हेतु एक | रू0 1200 प्रतिदिन एवं अधिकतम रू0 12000/– (निर्धारित) |
| सहायक केन्द्र अधीक्षक | सम्पूर्ण परीक्षा हेतु एक | रू0 1000 प्रतिदिन एवं अधिकतम रू0 10000/–(निर्धारित) |
| कक्ष निरीक्षक | 30 छात्रों पर दो कक्ष निरीक्षक | रू0 250 प्रति पाली (निर्धारित) |
| Contingency | रू0 10 प्रति छात्र (निर्धारित) | |

परीक्षा समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि उपरोक्त पारिश्रमिक दिये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय की आगामी वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाय।

बिन्दु संख्या–34–06–

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान में संचालित Pharm.D: The duration of the course shall be six academic years (five years of study and one year of internship or residency) एवं Pharm.D. (Post Baccalaureate): The duration of the course shall be for three academic years (two years of study and one year internship or residency) पाठ्यक्रमों की समयावधि निर्धारित किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन।

विनिश्चय–

बैठक में चर्चा के उपरान्त उपस्थित सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय Ordinance में Pharm.D & Pharm.D. (Post Baccalaureate) कोर्स को पूर्ण करने की अधिकतम समय (अवधि) की व्यवस्था का उल्लेख न होने के कारण विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित Pharm.D पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम समयावधि 09 वर्ष एवं Pharm.D. (Post Baccalaureate) पाठ्यक्रम की पूर्ण करने की अधिकतम समयावधि 03 वर्ष निर्धारित किये जाने पर सहमति प्रदान करते हुए यह निर्देश दिये गये है कि इसे विश्वविद्यालय की आगामी विद्या परिषद में रखा जाय।

बिन्दु संख्या–34–07–

शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए एकेडमिक कैलेण्डर जारी किये जाने हेतु चर्चा एवं अनुमोदन।

विनिश्चय–

बैठक में चर्चा के उपरान्त परीक्षा समिति के सदस्यो द्वारा शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए प्रस्तुत एकेडमिक कैलेण्डर (संलग्नक–1) पर सहमति प्रदान की गयी।

| | |
|---|---|
| बिन्दुसंख्या–34–08– | विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की सम सेमेस्टर 2022–23 की द्वारा सेमेस्टर परीक्षा की उत्तर पुस्तिका में कतिपय प्रश्न unchecked या अन्य त्रुटि होने पर पुर्नमूल्यांकन शुल्क Online वापस किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन। |
| विनिश्चय– | बैठक में चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया कि सेमेस्टर परीक्षा जनवरी–फरवरी, 2023 की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन On screen evaluation होने के उपरान्त छात्रों द्वारा संबंधित विषय कितने अंक प्राप्त होने तथा छात्र ऑनस्क्रीन उत्तर पुस्तिका का अवलोकन के उपरान्त संबंधित छात्र द्वारा विषय की उत्तर पुस्तिकायें हेतु पुर्नमूल्यांकन हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करता है, तदोपरान्त संबंधित विषय की उत्तर पुस्तिका में विश्वविद्यालय द्वारा कराये गये On screen evaluation में unchecked या अन्य त्रुटि होने पर संबंधित अभ्यर्थी का पूर्ण पुर्नमूल्यांकन शुल्क Online वापस किये जाने पर सहमति प्रदान करते हुए प्रकरण को आगामी वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। |
| बिन्दु संख्या–34–09– | तुलाज इन्स्टीटयूट, देहरादून में अध्ययनरत छात्र रो0न 220120101018 के विषय कोड–AHT003 उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थिति होने के उपरान्त बण्डल में संबंधित उत्तर पुस्तिकायें उपलब्ध होने तथा रो0न0 220120101040 उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थिति के स्थान पर खाली छोड़ा जाना के विषय में चर्चा एवं निर्णय |
| विनिश्चय– | परीक्षा समिति द्वारा संबंधित प्रकरण पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि तुलाज संस्थान द्वारा विषम सेमेस्टर 2022–23 में रो0न 220120101018 के विषय कोड–AHT003 की उपलब्ध करायी गयी उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थिति दिखाये जाने के उपरान्त भी बण्डल में संबंधित उत्तर पुस्तिका प्राप्त हुई तथा रो0न0 220120101040 उपस्थिति पंजिका में न उपस्थिति और न अनुपस्थिति दिखाये जाने के प्रकरण के प्रथम दृष्टितया अनुचित प्रतीत होने के कारण विस्तृत जांच हेतु समिति का गठन निम्नवत् किया गया है एवं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन स्थगित करने का निर्णय लिया गया:– |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डॉ0 एस0 नैथानी, प्रभारी निदेशक, आई0 टी0 गोपेश्वर | संयोजक |
| 2 | डॉ0 अनिरूद्ध गुप्ता, प्रोफेसर, एम0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वाराहाट, अल्मोड़ा | सदस्य |
| 3 | डॉ0 विशाल रमोला, फैक्ल्टी ऑफ टैक्नोलाजी, वी0मा0सि0भ0प्रौ0वि0वि0, देहरादून | सदस्य |

उक्त समिति से अपेक्षा की जाती है कि संबंधित प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण पर जांच कर जांच आख्या 15 दिन में परीक्षा नियंत्रक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

| | |
|---|---|
| बिन्दु संख्या–34–10– | विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में प्रश्न पत्र निर्माण/ मूल्यांकनकर्ता/ मॉडरेशन/ उडन दस्ता/ पर्यवेक्षक/ मूल्यांकन कार्य में मुख्य परीक्षक/उप मुख्य परीक्षक/कोडिनेटर/डिप्टी कोडिनेटर को एक सेमेस्टर में रू0 30000/– सीमा को समाप्त किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन |
| विनिश्चय– | विश्वविद्यालय के सेमेस्टर परीक्षा में प्रश्न पत्र निर्माण/ मूल्यांकनकर्ता/ मॉडरेशन/ उडन दस्ता/ पर्यवेक्षक/ मूल्यांकन कार्य में मुख्य परीक्षक/उप मुख्य परीक्षक/कोडिनेटर/डिप्टी कोडिनेटर को एक सेमेस्टर में रू0 30000/– सीमा निर्धारित की गयी है। वर्तमान में उपयुक्त शिक्षकों से कोई |

कार्य समानान्तर रूप में लिये जाने के दृष्टिगत एक सेमेस्टर में एक शिक्षक को पारिश्रमिक की कुल देय रू0 30000/– सीमा को समाप्त किये जाने पर सहमति प्रदान करते हुए निर्देश दिय गये कि संबंधित प्रस्ताव को आगामी वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

बिन्दु संख्या–34–11–

कुकरेजा इन्स्टीटयूट ऑफ मैनेजमैन्ट एण्ड टैक्नोलॉजी, देहरादून में सत्र 2018–21 के BHM & BScFD पाठ्यक्रम की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा कराये जाने पर चर्चा एवं निर्णय।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा बैठक में चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया है कि कुकरेजा इन्स्टीटयूट ऑफ मैनेजमैन्ट एण्ड टैक्नोलॉजी, देहरादून में सत्र 2018–21 के BHM & BScFD पाठ्यक्रम सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक स्पेशल बैक पेपर परीक्षा माह जुलाई,2023 में अन्तिम वर्ष के छात्रों हेतु आयोजित स्पेशल बैक पेपर परीक्षा के साथ संदर्भित छात्रों की अर्हता के दशा में कराये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या–34–12–

डॉ स्वाती सिंह राजपूत, असिस्टेंट, सिविंल इजी0, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान को परीक्षा विभाग में विशेष कार्याधिकारी के पद नियुक्त किये जाने की सूचना एवं अनुमोदन।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग में सेमेस्टर परीक्षाओं के गोपनीय अन्य कार्यो की अधिकता को दृष्टिगत रखते हुए डॉ स्वाती सिंह राजपूत, असिस्टेंट, सिविंल इजी0, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान को अपने पूर्व के दायित्वों के साथ–साथ परीक्षा विभाग में अग्रिम आदेशों तक विशेष कार्याधिकारी के पद तैनाती का संज्ञान लेते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–34–13– विश्वविद्यालय द्वारा स्पेशल बैक पेपर की परीक्षा कराये जाने के संबंध में चर्चा एवं अनुमोदन

विनिश्चय– बैठक में परीक्षा समिति द्वारा ऐसे सभी छात्र जो तत्समय अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात कुछ विषयों में अनुत्तीर्ण हो जाते है अथवा पूर्व के बैक पेपर रहते है तो उनकी स्पेशल बैक पेपर परीक्षा का आयोजन विगत से विद्यमान प्रचलन के अनुसार परीक्षाफल घोषित होने के दो माह के अन्दर कराये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

अन्य श्रेणी के सभी छात्रों हेतु बैक पेपर परीक्षा Ordinance की व्यवस्थानुसार घोषित परीक्षा सारणी के अनुसार सम्पन्न करायी जायेगी। ऐसी सभी बैक पेपर परीक्षा जो नियमित परीक्षा सारिणी के अनुसार संचालित होगी, उनकी परीक्षा शुल्क नियमित बैक पेपर परीक्षा की भॉति निर्धारित तथा अन्य बैक पेपर परीक्षा जिनका नियमित परीक्षा से भिन्न (Paper Code/ Syllabus) होगा या जो भिन्न समय पर संचालित होगी, वे सभी परीक्षायें स्पेशल बैक पेपर की श्रेणी में शामिल मानी जायेंगी तथा उसका शुल्क रू0 2000/– प्रति विषय निर्धारित किये जाने पर स्पष्टीकरण देते हुये पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

बिन्दु संख्या–34–14– एम0 फॉर्मा पाठ्यक्रम की Thesis Plagiarism जांच किये की व्यवस्था यथा–University will check the plagiarism of Dessertatio after getting a certificate from supervisor regading originality of the work and supervisor is also required to cetify that the plagiarism has already been checked at his/her own level. After two successive plagiarism (25% limit ) checks, University will examine the dissertation for next plagiarism chek only after another six months, and after paying 50% amount of the registration fee by the candidate. Thereafter for every additional plagiarism check, it will be done after another six months by paying 50 % amont of the registration fee by the candidate.

विनिश्चय– बैठक में परीक्षा समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय एम0फार्मा पाठ्यक्रम की Thesis Plagiarism जांच हेतु पूर्व प्रचलित व्यवस्था में दो बार जांच के स्थान पर 05 बार जांच किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी एवं इस हेतु प्रस्तुत शेष प्राविधान यथावत् रखने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में परीक्षा समिति की 34 वीं बैठक अध्यक्ष महोदय व सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

| | |
|---|---|
| (डॉ0 वी0के0 पटेल)<br>परीक्षा नियंत्रक<br>सदस्य | (प्रो0 ओकांर सिंह)<br>मा0 कुलपति<br>अध्यक्ष |